# मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में जेनेरिक दवाईयों की बजाए ब्रांडेड दवाई लिखने पर जताई कड़ी नाराजगी

- सरकारी अस्पतालों में ब्रांडेड दवाईयां लिखने पर होगी कड़ी कार्रवाई
- टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की बजाय ले-आउट पास करने का अधिकार अब नगर निगम को
- नगरीय निकायों की सम्पत्तियों को फ्री-होल्ड करने के निर्देश
- नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होंगे राजपत्रित अधिकारी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा पर्यावरण एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने बैठक में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना की समीक्षा के दौरान सरकारी अस्पतालों में जेनेरिक दवाईयों की बजाय ब्रांडेड दवाई लिखने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जो सरकारी डॉक्टर ब्रांडेड दवाईयां लिखते हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने तत्काल सभी कलेक्टरों और सीएमएचओ को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यह सुनिश्चित करें की डॉक्टर सिर्फ जेनेरिक दवाईयां ही लिखे। मुख्यमंत्री को यह जानकारी मिली थी कि बार-बार हिदायत के बावजूद डॉक्टर जेनेरिक की बजाय ब्रांडेड दवाईयां लिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोगों को सस्ती दवाईयां मिलें, इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर शुरू किए हैं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस योजना के तहत 159 मेडिकल स्टोर संचालित हैं। इन मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से अब तक विक्रय की गई दवाईयों से लगभग 17 लाख 92 हजार नागरिकों के 17 करोड़ 38 लाख रूपए की बचत हुई है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की 9 नगर निगमों में 500 वर्ग मीटर तक के आवासीय प्लॉटस पर निर्माण हेतु ऑनलाईन भवन अनुज्ञा प्रणाली लागू की गई है, जिसके माध्यम से अब तक 3771 भवन अनुज्ञा जारी की गई है। बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नगरीय निकायों द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाईन करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ले-आउट पास करने का अधिकार अब नगर निगम को सौंपा जाएगा। अब तक टाउन एडं कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा ले-आउट पास किया जाता था। नागरिकों को किसी भी काम के लिए दो कार्यालयों के चक्कर नही लगाने पड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों की सम्पत्तियों को फ्री-होल्ड करने के भी निर्देश दिए। अब तक नगरीय निकायों की सम्पत्ति लीज पर दी जाती है। इस निर्णय से लाखों नागरिक लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान आम नागरिकों की सहूलियत और प्रशासनिक काम-काज के सुचारू संचालन की दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अब नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजपत्रित अधिकारी घोषित किए जाएंगे। बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने मुख्यमंत्री से मुख्य नगरपालिका अधिकारी को राजपत्रित अधिकारी घोषित करने की मांग की थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति प्रदान कर दी है।

बैठक में रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ ने बताया कि रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 2544 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इन्द्रप्रस्थ योजना फेस-2 में 2416 ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी प्लेट्स का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। कमल विहार योजना सेक्टर-4 में 128 ईडब्ल्यूएस प्लेट्स का निर्माण हो गया है। उक्त प्लेट्स हेतु एप्रोच रोड का निर्माण 30 अप्रैल 2022 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त ने बताया कि मंडल द्वारा प्रक्रियाओं का सरलीकरण करते हुए ऑनलाईन पंजीयन, भुगतान एवं आबंटन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। भवनों की किश्त, रख-रखाव शुल्क, जलकर आदि की राशि, एमआर बुक के स्थान पर पीओएस मशीन के माध्यम से प्राप्त की जा रही है। वर्तमान में मंडल की 44 परियोजनाओं में संपत्तियों का विक्रय ऑनलाईन वेबसाईट/एप के माध्यम से किया जा रहा है। कुल 796 संपत्तियों मूल्य रूपए 227.40 करोड़ का विक्रय ऑनलाईन माध्यम से किया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में बढ़ते तापमान के बीच एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की भी संभावना है। स्थानीय मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश के उत्तर में पश्चिमी और दक्षिण छग में दक्षिणी हवा का आगमन बना हुआ है। जिसके कारण 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छग रहने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। लेकिन वृद्धि का ट्रेंड लगातार बने रहने की संभावना है। प्रदेश के प्रमुख शहरों के तापमान की बात करें तो राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान आज 42 डिग्री रहा, जबकि माना में 41.3 डिग्री, बिलासपुर 42.7 डिग्री, पेण्ड्रारोड 41.4 डिग्री, अंबिकापुर 40.9, जगदलपुर 37.6, दुर्ग 41.2 एवं राजनांदगांव में 43 डिग्री तापमान रहा। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान आज जिला मुंगेली में 43.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

### 6 महीने की गर्भवती ने खुद को मारा चाकू, स्थिति गंभीर

**कोरबा ।** एक गर्भवती महिला ने खुद पर चाकू से वार कर सुसाइड का प्रयास किया है। महिला 6 महीने की गर्भवती है। खून से लथपथ महिला को उसके पति ने बाइक के माध्यम से कोरबा अस्पताल पहुंचाया। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की मानें तो महिला की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक यह दंपती जिले के बुधवारी बस्ती के रहने वाले हैं। युवक शिव प्रसाद साहू कंप्यूटर ऑपरेटर है। पत्नी ममता साहू हाउस वाइफ है। शिव का कहना है कि शनिवार-रविवार की रात करीब ढाई बजे उसने पत्नी से पूछा कि तुम खाली समय में क्या करती हो? इस पर गुस्साई पत्नी ने करेक्टर पर शक कर रहे हो कहकर खुद के पेट और गले में चाकू से वार कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसके बाद शिव ने पत्नी को बाइक के माध्यम से कोरबा अस्पताल पहुंचाया। शिव ने बताया किए जिस समय पत्नी ने सुसाइड का प्रयास किया उस समय उसके दोनों बच्चे सो रहे थे। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। साथ ही महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे की स्थिति कैसी है इस संबंध में अभी डॉक्टरों ने कुछ नहीं बताया है।

### खरोरा के ग्राम लांजा में महिला की हत्या, घर में मिली लाश

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के खरोरा थानांतर्गत ग्राम लांजा में एक महिला की अज्ञात आरोपी ने हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लांजा में घर पर अकेले रहने वाली मृतका शिव कुमारी चतुर्वेदी पति गुलाब 38 वर्षीय अपने घर पर आज मृत हालत में मिली। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान पाये गये है, जिसके चलते पुलिस आशंका जता रही है कि अज्ञात आरोपी ने किसी चीज से उस पर हमला कर हत्या की है। घटना की जानकारी मृतका के पति गुलाब चतुर्वेदी 60 वर्ष ने पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की जांच जारी है।

### पांच नगरों में नदियों के प्रदूषण से बचाने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पांच नगरों से प्रवाहित होने वाली नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए सीवरेज उपचार संयत्र स्थापित करने 85 करोड़ 85 लाख 49 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। सीवरेज उपचार संयत्र नगरपालिका गोबरा नवापारा में नगर पंचायत राजिम और नगर पंचायत धमतरी में महानदी पर स्थापित किये गये है।

# युवती का शव मिला रेलवे ट्रैक पर, हत्या का संदेह



**कोरबा ।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा-चांपा रेल सेक्शन पर उरगा में रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवती का शव मिलने पर पुलिस हरकत में आई। सिर और हाथ-पैर में चोट के निशान पाए गए हैं। ऐसा किन कारणों से हुआ, इसकी जांच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट पहुंच गए हैं। जिस स्थिति में शव यहां मिला उसे लेकर यह भी अटकलें लगाई जा रही है कि मामला हत्या का हो सकता है। उरगा पुलिस ने मर्ग कायम किया है। अगली जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की बात कही जा रही है।

जानकारी के अनुसार उरगा पुलिस थाना के पीछे से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की जानकारी पुलिस को आज सबेरे मिली। यह स्थान नजदीक ही है इसलिए पुलिस कर्मी फौरन वहां पहुंचे। उन्होंने देखा कि युवती का शव ट्रैक से बमुश्किल दो मीटर की दूरी पर मौजूद है। उसके पैर पर चप्पल नहीं थी। जींस और कुर्ती में मौजूद मृतका का चेहरा काले दुपट्टे से ढंका हुआ था। सिर और हाथ-पैर में चोट के निशान देखे गए। फौरी तौर पर पुलिस ने इस बारे में जानकारी जुटाई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी कि युवती किस क्षेत्र की है। उसके साथ क्या कुछ हुआ, यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस के द्वारा दी गई सूचना पर कोरबा से फोरेंसिक टीम यहां पहुंची और शुरुआती जांच-पड़ताल की। आसपास के लोगों की भीड़ भी यहां जुटी लेकिन किसी ने मृतका के बारे में कोई भी जानकारी होने से इनकार किया। टीआई राजेश जांगड़े ने बताया कि आज सुबह शव यहां देखा गया था। पुलिस ने खुद होकर यह सूचना दर्ज की। अन्य थानों को और अन्य माध्यम में फोटोग्राफ्स भेजे जा रहे हैं ताकि मृत युवती के बाबत् जानकारी प्राप्त हो सके। फिलहाल 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया गया है और जांच की जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री चौबे का कोरबा प्रवास आज, केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा के साथ करेंगे बैठक

**कोरबा ।** वन पर्यावरण और आपूर्ति मामलों के केंद्रीय राज्यमंत्री अश्वनी कुमार चौबे पहली बार कोरबा जिले के दौरे पर आ रहे हैं। 19 अप्रैल को यहां पहुंचकर वे केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की जानकारी लेने के साथ समीक्षा करेंगे। केंद्रीय मंत्री के दौरे के मद्देनजर प्रशासन आवश्यक तैयारी कर रहा है।

बिहार के भागलपुर क्षेत्र से सांसद चौबे को केंद्र में जिम्मेदारी दी गई है। इसी के साथ केंद्र सरकार के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं की निगरानी व प्रगति जानने के लिए भी दायित्व दिया गया है। आकांक्षी जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी अद्यतन स्थिति को जानने के साथ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाने हैं।

भारत सरकार ने मंत्रियों की ड्यूटी विभिन्न राज्यों में लगाई है। उद्देश्य यह है कि जनहित से जुड़ी योजनाओं को शीघ्रता से पूरा किया जाए और अधिकतम लोगों को लाभान्वित किया जाए।

इसी योजना के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री चौबे को कोरबा जिले में भेजा जा रहा है। खबर के अनुसार चौबे कोरबा पहुंचने के साथ प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। संवाद के अंतर्गत जाना जाएगा कि योजना का लक्ष्य क्या है और अब तक क्या कुछ काम हुआ है। कोरबा प्रवास के बाद चौबे सीमावर्ती मध्यप्रदेश के अमरकंटक जाएंगे जहां उन्हें राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेना है।

# लोगों को राहत, निकाय क्षेत्र में संपत्तियां होंगी फ्री होल्ड

**कोरबा ।** नागरिकों को राहत देने के लिए सरकार काम कर रही है। अलग-अलग मामलों में राहत के विकल्प तलाशे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज घोषणा की है कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में संपत्तियां फ्री होल्ड की जाएगी। इसके अधिकारी निकायों को दिए गए हैं।

इसके पहले संपत्तियों को लीज पर दिए जाने का नियम और अगली प्रक्रिया के लिए लोगों को काफी परेशान होना पड़ता था। इसी के साथ यह भी कहा गया है कि लेआउट पास करने के अधिकार नगर निगम और पालिका को दिए गए हैं। इससे पहले दो कार्यालयों के चक्कर लगाने का झमेला था। लोग इससे हलाकान होते थे। अब नई व्यवस्था में लेआउट पास करने का काम केवल निकाय से ही पूरा होगा। इससे लोगों का समय बचेगा और रुपया भी। कहा जा रहा है कि इस घोषणा से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे जो इस तरह के कार्यों के लिए समस्याओं का सामना करने को मजबूर रहते हैं। खबर के अनुसार मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया है कि सरकारी डॉक्टर अपने पास पहुंचने वाले मरीजों के मामले में केवल उन्हें जेनरिक दवाईयां ही दी है। सस्ती दवाई पाना और इसके लिए कम रुपए खर्च करना लोगों का अधिकार है। इसे सुनिश्चित करना चिकित्सकों की जिम्मेदारी है। सरकार ने साफ तौर पर कहा है कि सरकारी डॉक्टर अगर ब्रांडेड दवाईयां लिखते हैं और इस बारे में शिकायत मिलती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने से कोई परहेज नहीं किया जाएगा। रायपुर में कामकाज की समीक्षा के साथ मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के लिए इस तरह की घोषणाएं की। कहा गया कि प्रशासन को जनता के करीब ले जाने की प्राथमिकता पर काम किया जा रहा है और कुल मिलाकर जनहितैषी निर्णय लिये जा रहे हैं।

# पानी की समस्या को लेकर सुराबहार के लोगों ने नपा अध्यक्ष और कार्यालय को घेरा



**कोरबा ।** गर्मी के तेवर बढऩे के साथ पानी की मांग में बढ़ोत्तरी स्वाभाविक है। ऐसे में अगर लोगों को पानी के लिए जूझना पड़े तो वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। कटघोरा कस्बे में आज यही हुआ। एक इलाके की नाराज जनता ने इस मामले को लेकर पहले नगर पालिका अध्यक्ष के आवास को घेरा और फिर नगर पालिका कार्यालय को भी। लोगों को किसी तरह मनाने का काम संभव हो सका।

तय किया गया है कि वार्ड क्रमांक 7 के सुराबहार इलाके में पानी की किल्लत को देखते हुए टैंकर के जरिए लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ इन्हें राहत दी जाएगी। इस बारे में आवश्यकता का आंकलन कर लिया गया है। इस आधार पर संसाधन लगाए जाएंगे और क्षेत्र के लोगों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह काम तब हुआ जब लोगों ने गर्मी के मौसम में गर्मी दिखाई। चकचकवा पहाड़ के नीचे सुराबहार के लोगों की शिकायत है कि उन्हें पानी के लिए दो.चार होना पड़ रहा है। नगर पालिका योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन दे रखा है। एक-दो स्थान पर सार्वजनिक नल की व्यवस्था भी है लेकिन यह सब ढकोसला साबित हो रहा है। नलों में पानी नहीं आने से दैनिक जरूरत की पूर्ति नहीं हो पा रही है। दूसरे विकल्प अपनाने के लिए लोगों को यहां-वहां के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। गर्मी के सीजन में कई प्रकार की दिक्कतें उनके सामने बनी हुई है।

इसके बावजूद मजबूरीवश यह सब करना पड़ रहा है। इसी बात को लेकर लोगों ने नपा अध्यक्ष रतन मित्तल का आवास और बिलासपुर रोड स्थित नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया। लोगों ने यहां पर जमकर नारेबाजी की। खबर मिलने पर संबंधित लोग और पुलिस यहां पहुंची। लोगों को समझाईश दी गई। आश्वस्त किया गया है कि आज से ही व्यवस्था ठीक कर ली जाएगी।

# योग संस्थान के 56 वर्ष पूरे होने पर मनाया गया स्थापना दिवस



**कोरबा ।** प्राचीन भारत में जन्मी योग विधा का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। योग को अपनाने से लोगों को विभिन्न प्रकार के अंदर लाभ हो रहे हैं। भारतीय योग संस्थान के 56 वर्ष पूरे होने पर कोरबा में भी स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर योग साधकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अग्रसेन गर्ल्स कॉलेज परिसर में स्थापना दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीवन में योग को अपनाने और इसके महत्व को भली भांति समझने वाले योग साधकों ने कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित की। भारतीय योग संस्थान के रायपुर जिला प्रधान मुकेश सोनी और जिला मंत्री राजेश अग्रवाल अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग साधिकाओं ने दीप आराधना ईश्वर की स्तुति की।

सूर्योदय के बेला में प्रारंभ हुए कार्यक्रम का संचालन कोरबा केंद्र की प्रमुख आभा अग्रवाल ने किया। आभा ने प्राणायाम और योग अभ्यास कराते हुए इसके महत्व को परिभाषित किया। उपस्थित लोगों ने पूरे मनोयोग से अभ्यास को दोहराया। भारतीय योग संस्थान के प्रतिनिधियों ने हास्य आसन और जलनेती से जुड़ी प्रक्रियाओं को समझाने के साथ इनका प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी कराया। इस बारे में लोगों को सावधानिया बताई गई और इसके लाभ से भी अवगत कराया गया। संगीत की लय पर साधिकाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति भी दी। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में इंजीनियर राज अग्रवाल, भगवान दास अग्रवाल, सुदेश चौहान, राधे बंसल, सुनील कुमार सहित कोरबा के योग प्रेमियों ने अपनी भूमिका का निर्वाह किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री ... श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# बाघाडोला में मनाया गया अंगना म शिक्षा कार्यक्रम, स्कूल हमर घर म नवाचारी शिक्षा हेतु बाटी गई चार्ट

**रायगढ़ ।** शासकीय प्राथमिक शाला बाघाडोला, विकासखण्ड पुसौर में माताओं को उन्मुखीकरण हेतु अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामान्यत: पुरुष वर्ग काम धंधे व रोजगार हेतु घर से बाहर रहते है जिसके कारण घर में छोटे बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में ध्यान नहीं दे पाते है इसके लिये शासन द्वारा माताओं प्रशिक्षित कर उन्मुखीकरण किया जा रहा है इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये प्राथमिक शाला बाघाडोला में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत के सरपंच शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में माताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या दायिनी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्राथमिक विद्यालय बाघाडोला के बच्चों ने विद्यालय में लगायी हाट बाजार अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के समय स्कूली बच्चों ने प्याज, टमाटर, आलू, भिन्डी, मूली, हरी साग सब्जी, गुपचुप, आयुर्वेदिक दवा, आदि सामग्री का हाट बाजार लगाये जिससे गाँव वाले व उपस्थिति लोगों ने खुब खरीदे एवं बच्चे भी लेन देन खरीदी बिक्री व लाभ हानि को समझ सके। कार्यक्रम के इस दौरान सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को सहज-सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से बच्चों के घर में भी स्कूल जैसे माहौल निर्मित हो इसके लिए प्राथमिक शाला बाघाडोला में स्कूल हमर घर म नवाचारी शिक्षा केन्द्र का संचालन किये जाने हेतु चार्ट का वितरण भी किया गया। सामान्यत: शिक्षक में जब सिखाने की ललक होती है तब कई प्रकार के नये-नये तरीके का सृजन करने लगते है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य एवं जिला मिशन समन्वयक रायगढ़ आर.के. देवांगन शिक्षकों को सदैव निर्देशित करते हुये प्रेरणा व मार्गदर्शन देते रहते है जिनके प्रेरणा से जिले के शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में उपचारात्मक शिक्षण व दक्षता पुर्ण शिक्षण हेतु नवाचार का प्रयोग करते रहते है।

इसी क्रम में आज हम बात करते है प्राथमिक विद्यालय बाघाडोला का जहां के शिक्षकों ने नवाचारी गतिविधि का संचालन करते हुये बच्चे के घर में स्कूल जैसा माहौल निर्मित करने लिये शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार का चार्ट वितरण किया गया है। पहली दूसरी, तीसरी कक्षा के प्रत्येक बच्चे के घर में वर्णमाला चार्ट, गिनती चार्ट, अल्फाबेट चार्ट, बारहखडी चार्ट, पहाड़ा चार्ट, फल व सब्जियों के नाम, यातायात के साधन व अन्य आवश्यकतानुसार चार्ट, श्यामपट, चाक, डस्टर आदि शिक्षण सहायक सामग्री से बच्चों के घर में सुसज्जित कर स्कूल जैसा माहौल निर्मित करने का प्रयास किया है। इससे बच्चे के घर में ही बच्चे के भाई, बहन, माता-पिता या दादा-दादी कोई भी पारिवारिक सदस्य बच्चे को पढ़ाते या पढऩे के लिये प्रेरित करते हैं। बच्चों के घर में शिक्षण सामग्री उपलब्ध होने के कारण बच्चे रुचिपूर्वक पढ़-लिख सकते है तथा पालक भी बच्चे को पढऩे के लिए प्रेरित करेंगे। घर के दिवाल में सुसज्जित शिक्षण सामग्री को बच्चे आते-जाते, उठते-बैठते, खाते-पीते, खेलते-कूदते देखते व पढ़ते रहते है जिससे बच्चे आसानी से अक्षर ज्ञान और अंक ज्ञान को जान पायेंगे।